प्रेस विज्ञप्ति
जनपद बस्ती
दिनांक 20.03.2023

थाना रुधौली क्षेत्रांतर्गत ग्राम सेमरा में सरसों के खेत में धारदार हथियार से किये गए महिला के हत्या का सफल अनावरण कर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक बस्ती श्री कृष्ण गोपाल चौधरी के निर्देशन में थाना रुधौली पुलिस व स्वाट टीम बस्ती द्वारा दिनांक 19.03.2023 को थाना रुधौली क्षेत्रांतर्गत ग्राम सेमरा में सरसों के खेत में धारदार हथियार से किये गए महिला के हत्या के सम्बन्ध में पंजीकृत मु0अ0स0 75/2023 धारा 302 IPC का सफल अनावरण करते हुए **अभियुक्त 01-** अजय कुमार यादव पुत्र स्व0 श्यामसुन्दर यादव को दिनांक-20.03.2023 को समय करीब 06:55 बजे थाना रुधौली क्षेत्रान्तर्गत भीटा रामसेन के पास से गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है |

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

01- अजय कुमार यादव पुत्र स्व0 श्यामसुन्दर यादव निवासी सेमरा थाना रुधौली जनपद बस्ती उम्र करीब 35 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

01- एक अदद धारदार हसिया |

02- अभियुक्त का कपड़ा (जला हुआ) |

घटना/ पूछताछ का विवरण-

अभियुक्त 01- अजय कुमार यादव द्वारा बताया गया कि मृतका जो मेरी सगी पट्टीदार है | दिनांक 18.03.2023 को दिन में समय करीब 10:30 बजे मैं अपने खेत की निगरानी करने गया था जिसके बगल में मृतका का सरसो का खेत है जहां वह उस समय मौजूद थी | मैं अपने खेत को देखने के लिये उनके सरसो के खेत के कुछ दुर पर जैसे ही पहुंचा कि वह मुझे गाली देते हुए ताना मारने लगी जिसका मैंने रुक कर विरोध किया तो वह गाली देते हुए अपने हाथ में लिए एक ईट के टुकड़े को मेरे ऊपर फेंकी जोकि सरसो के झाड़ में फंस गई | मैं काफी क्रोधित हो उठा और उसी ईट के टुकड़े को लेकर मृतका की तरफ दौड़ा जिसे देखकर वह भागना चाह रही थी कि मैं उनके पास पहुंच गया और जैसे ही वह मेरी तरफ मुड़ी वैसे ही अपने हाथ में लिये ईंट के टुकड़े से उनके सिर पर तेजी से मार दिया जिससे वह वहीं गिर गयी जिसके बाद वह फिर उठने की कोशिश कर रही थी जिस पर मैंने उनके हाथ से हसिया छीनकर उनके गले को काट दिया जिनके गले से निकला खून मेरे पहने हुए शर्ट व लोवर पर लग गया था जिसे बिना किसी को बताये घर लेकर आने के बाद मृतका के घर से करीब 500 मीटर दक्षिण में स्थित चकरोड पर ले जाकर रात्रि करीब 08:00 बजे पुआल में लपेट कर शर्ट व लोवर को जला दिया। मैं काफी डरा हुई था जिससे पूरी रात सोया नहीं हूँ और आज घर से सन्तकबीर नगर जाने के लिये निकला था कि आप लोगों द्वारा पकड़ लिया गया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1- प्रभारी निरीक्षक रुधौली संजय कुमार जनपद बस्ती।

2- प्रभारी स्वाट टीम उ0नि0 उमाशंकर त्रिपाठी जनपद बस्ती।

3- प्रभारी सर्विलांस सेल उ0नि0 शशिकान्त

4- प्रभारी चौकी हनुमानगंज उ0नि0 अजय कुमार सिंह थाना रुधौली जनपद बस्ती।

5- हे0 का0 हिन्दे आजाद व हे0का0 जनार्दन प्रजापति सर्विलांस सेल जनपद-बस्ती।

6- हे0का0 दिग्विजय सिंह, हे0का0 चन्द्रकेश राय, हे0का0 रजनी कान्त त्रिपाठी, का0 सतीश कुमार यादव, का0 अंकित राय, का0 सुभेन्द्र तिवारी, का0 अभिलाष प्रताप सिंह व का0 मनोज कुमार यादव थाना रुधौली जनपद बस्ती।

7- का0 धर्मेन्द्र कुमार, का0 रमेश कुमार, का0 सुधीर शर्मा, का0 धीरज यादव, का0 अरविन्द यादव व का0 किशन सिंह स्वाट टीम जनपद बस्ती।